**आग** — हजारों पौधे व जीव-जंतु जलकर खाक ; घंटों बाद मौके पर पहुंचा वन अमला, मची अफरा-तफरी

# जमुना खदान के पास जंगल में लगी भीषण आग

**जमुना कोतमा नवभारत 10 मार्च।** कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत जमुना खदान के पास मंगलवार को जंगल में भीषण आग लगने से हजारों छोटे पेड़-पौधे, झाड़ियां तथा वन्य जीव-जंतुओं को भारी नुकसान पहुंचा। सुबह लगी आग धीरे-धीरे जंगल के कई हिस्सों में फैल गई, जिससे वन क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी, लेकिन कई घंटे तक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच सके। बाद में बीट गार्ड मनोज चौधरी अपने एक साथी के साथ मौके पर पहुंचे और घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास करते नजर आए। बताया जा रहा है कि वन क्षेत्र में नियमित गश्त नहीं होने के कारण आए दिन जंगलों में आग लगने की



घटनाएं सामने आती रहती हैं। आग के कारण जंगल की हरियाली नष्ट होने के साथ पर्यावरण और वन्य जीवों पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

### जंगलों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए : रेंजर

बीट गार्ड मनोज चौधरी ने बताया कि इन दिनों महुआ फूल चुनने के लिए ग्रामीण जंगल में आते हैं और पेड़ों के आसपास जमा खरपतवार साफ करने के बजाय उसमें आग लगा देते हैं, जिससे आग तेजी से फैल जाती है। रेंजर हरीश तिवारी ने कहा कि कई बार असामाजिक तत्व जंगल से गुजरते समय बीड़ी सुलगाकर फेंक देते हैं, जिससे भी आग लग जाती है। उन्होंने कहा कि जंगलों से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए, क्योंकि यही हमारे जीवन और आजीविका का महत्वपूर्ण आधार हैं

### हर साल गर्मियों में बनती है ऐसी स्थिति

जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगभग हर साल गर्मी के मौसम में सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग द्वारा पहले से कोई ठोस तैयारी या कार्ययोजना नहीं बनाई जाती। आग लगने के बाद उसे बुझाना बेहद कठिन हो जाता है और तब तक जंगल के बड़े हिस्से को नुकसान हो चुका होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी शुरू होने से पहले ही फायर लाइन बनाना, नियमित गश्त बढ़ाना और ग्रामीणों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि जंगलों को आग से बचाया जा सके और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

**इनका कहना है**

मैं अभी अनूपपुर पेशी में आया हूं, बाद में बात करता हूं

**हरीश तिवारी, रेंजर कोतमा**

वह मेरी बीट नहीं है, फिर भी वहां के बीट गार्ड मनोज को सूचना दे देता हूं।

**बिहारी लाल रजक, फॉरेस्ट गार्ड**

मैं अभी मौके पर आग बुझाने में लगा हूं। जंगल के अंदर भी आग लगी थी। कई लोग रास्ते से गुजरते समय बीड़ी पीकर फेंक देते हैं, जिससे आग लग जाती है। हम लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

**मनोज चौधरी, बीट गार्ड**

# केवई नदी पर 9 बैराज निर्माण पर भड़के युवा

▸ स्थानीय युवाओं को रोजगार से वंचित करने का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**कोतमा नवभारत 10 मार्च।** जिले की केवई नदी पर बनाए जा रहे अनिकट और प्रस्तावित 9 बैराजों को लेकर क्षेत्र के युवाओं और किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। मंगलवार को क्षेत्र के जागरूक युवाओं और किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कोतमा को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले में पर्यावरण नियमों की खुली अनदेखी, प्रशासनिक जालसाजी और कंपनी को फायदा पहुंचाने की साजिश का आरोप लगाया।

ज्ञापन में युवाओं ने सवाल उठाया कि कंपनी की पुरानी पर्यावरण स्वीकृति 26 नवंबर 2022 को समाप्त हो चुकी थी और नई स्वीकृति 11 सितंबर 2025 को मिली। इसके बावजूद 31 जुलाई 2025 को जल संसाधन विभाग और कंपनी के बीच अनुबंध कर लिया गया। युवाओं का कहना है कि बिना वैध पर्यावरण अनुमति के किया गया यह अनुबंध पूरी तरह अवैध है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### बैराजों की जानकारी जानबूझकर छुपाई

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कंपनी ने पर्यावरण मंत्रालय को दिए गए आवेदन में केवई नदी पर बनने वाले 9 बैराजों की जानकारी जानबूझकर छुपाई। युवाओं का कहना है कि यदि यह तथ्य सही है तो यह पर्यावरण अनुमति प्राप्त करने में धोखाधड़ी का मामला बनता है और नियमों के अनुसार ऐसी अनुमति तत्काल निरस्त की जा सकती है।

**इनका कहना है**

युवाओं का ज्ञापन ले लिया गया है। 2 से 3 दिवस के भीतर युवाओं की मांगों पर चर्चा की जाएगी।

**टी नाग, एसडीएम, कोतमा**

# भाजपा पसान मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**नए चेहरों को दिया गया मौका**



**अनूपपुर नवभारत 10 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, शहडोल भाजपा संभागीय प्रभारी गौरव सिरोठिया एवं जिला प्रभारी संजय साहू के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के अनुमोदन के बाद मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मिंटू ने 10 मार्च को पसान मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी।

नई कार्यकारिणी में युवा एवं नए चेहरों को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। मंडल उपाध्यक्ष पद पर विनोद त्रिपाठी, रामानुज कुमार, कैसर अली, मानसिंह, सचिन जायसवाल एवं पंकज मिश्रा को नियुक्त किया गया। महामंत्री के रूप में शिवभान सिंह एवं अजय यादव, जबकि मंडल मंत्री पद पर पुरुषोत्तम सिंह, शकुन पनिका, दिवाकर विश्वकर्मा, भारत सिंह, अभिषेक सिंह विक्की एवं सरोज लोधी को स्थान दिया गया। कोषाध्यक्ष इंद्र लाल केवट, सह-कोषाध्यक्ष मनमोहन, कार्यालय मंत्री ओम प्रकाश नामदेव सह मालती वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी मीनू तिवारी एवं सह-प्रभारी प्रतिमा तथा मीडिया प्रभारी हिमांशु पासी एवं सह-प्रभारी अजय नामदेव को भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

### प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता को मिली जगह

कुल 38 सदस्यों वाली इस कार्यकारिणी में प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ता एवं पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हैं। कार्यकारिणी घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

## राज्य सम्मेलन की तैयार की गई रूपरेखा

**कोतमा नवभारत ।** प्रगतिशील लेखक संघ के 16वें राज्य सम्मेलन के आयोजन को लेकर कोतमा नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में 9 मार्च को श्री गोविंद भवन कोतमा में प्रगतिशील लेखक संघ इकाई कोतमा द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल हुसैन बोहरा, संघ के प्रांतीय सचिव तरुण गुहा नियोगी, शिवकुमार सिंह, देवेश प्रताप सिंह गहरवार, अनूपपुर इकाई के अध्यक्ष गिरीश पटेल तथा अधिवक्ता वीरेंद्र सोनी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कोतमा इकाई द्वारा जानकारी दी ।

# 18 नवजात बालिकाओं और महिला कुलियों का सम्मान

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फिट इंडिया वूमेन वीक का समापन**





**अनूपपुर नवभारत 10 मार्च।** जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित 'फिट इंडिया वूमेन वीक' का समापन मंगलवार को जिले में विभिन्न प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण, सम्मान और आत्मरक्षा से जुड़े कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने जिला चिकित्सालय अनूपपुर के प्रसव वार्ड का भ्रमण किया।

### आवश्यक सामग्री की किट वितरित की

उन्होंने वहां जन्मी 18 नवजात लाड़ली बालिका शिशुओं का उपहार भेंट कर स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात वन स्टॉप सेंटर अनूपपुर में निवासरत 15 महिलाओं एवं बालिकाओं को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री की किट वितरित कर उन्हें संबल प्रदान किया। महिला सशक्तिकरण की अनूठी मिसाल प्रस्तुत करते हुए प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन अनूपपुर में कार्यरत 2 महिला कुलियों सहित एक अन्य को भी सम्मानित किया।

### महिला कुलियों को शॉल भेंट की

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने महिला कुलियों को शॉल भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि वह अपने परिवार के भरण-पोषण और उन्नति के लिए सराहनीय कार्य कर रही हैं। उनका आत्मनिर्भर और सशक्त बनना न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

**एक नजर में**



## युद्ध का असर : वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति बंद

**अनूपपुर नवभारत ।** जिले में ईरान-इजराइल युद्ध के बीच एलपीजी सप्लाई को लेकर मध्यप्रदेश में सतर्कता बढ़ गई है। वाणिज्यिक (कमर्शियल) गैस सिलेंडर की सप्लाई रोक दी गई है। अब अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के अलावा किसी भी अन्य ग्राहक को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति नहीं होने का आदेश मंगलवार को जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर ने जारी कर दिया हैं। इससे संस्थानों जिससे होटल-रेस्टोरेंट और छोटे व्यवसायों पर असर पड़ने की आशंका है। इससे जिले में कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से 2000 से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट संकट में आ सकता हैं। हालांकि सरकार का कहना है कि घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य है और घबराने की जरूरत नहीं है।

## कलेक्ट्रेट परिसर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया



**अनूपपुर नवभारत ।** कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने और शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय अनूपपुर परिसर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करते हुए यहां जुलूस, आमसभा, नारेबाजी और ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। यह आदेश भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के अंतर्गत जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन या आंदोलनकारी व्यक्ति कलेक्ट्रेट परिसर में इन गतिविधियों का आयोजन नहीं कर सकेंगे। साथ ही कलेक्ट्रेट परिसर और उससे 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि किसी संगठन या व्यक्ति को ज्ञापन सौंपना है तो वह कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट) पर शांतिपूर्ण तरीके से अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेगा।



## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 55 आवेदनों की सुनीं समस्याएं

**अनूपपुर नवभारत ।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए कुल 55 आवेदनों पर सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान तहसील अनूपपुर के ग्राम बम्हनी निवासी रामशिरोमणि पटेल ने वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत कराने, चचाई निवासी इफ्तेखार अहमद अंसारी ने नामांतरण कराने, ग्राम कांसा निवासी गुलाब यादव ने सगरा तालाब से अतिक्रमण हटाने तथा ग्राम बरबसपुर निवासी नत्थी बाई ने हाथी द्वारा मकान क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा दिलाए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। इसके अलावा अन्य आवेदकों द्वारा समग्र आईडी में सुधार, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन भी दिए गए।

**प्रणाम नर्मदा युवा संघ का सर्प जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

# विषैले और विषहीन सांपों की दी विस्तृत जानकारी



**अनूपपुर नवभारत 10 मार्च।** प्रणाम नर्मदा युवा संघ द्वारा ग्राम दमेहड़ी में एक महत्वपूर्ण सर्प जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सांपों के बारे में सही जानकारी देना, सांप के काटने की स्थिति में उचित प्राथमिक उपचार के बारे में जागरूक करना तथा समाज में प्रचलित अंधविश्वासों को दूर करना था।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सचिव कोमल सिंह आरमो, सरपंच ओमवती, वार्ड सदस्य केशलाल मांझी, कुंवर उदय सिंह श्याम, बेला बाई, आरती सहित गांव के अनेक सम्मानित नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में ग्रामीणों को सांपों की सामान्य पहचान के बारे में जानकारी दी गई।

### अधिकांश सांप विषहीन होते हैं

वक्ताओं ने बताया कि हमारे आसपास पाए जाने वाले अधिकांश सांप विषहीन होते हैं और वे पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसके बाद विषैले और विषहीन सांपों के बीच अंतर को सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया, जिससे ग्रामीण आसानी से उनकी पहचान कर सकें। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सांप के काटने पर किए जाने वाले प्राथमिक उपचार पर केंद्रित रहा।

**सांप के डसने पर मरीज को अस्पताल ले जाए**

ग्रामीणों को बताया गया कि सांप के डसने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत मरीज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए और झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों से बचना चाहिए। इसके साथ ही समाज में सांपों से जुड़े कई अंधविश्वासों और कुरीतियों पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ समझाया कि सांपों के प्रति भय और भ्रम को दूर करना जरूरी है, ताकि अनावश्यक रूप से उन्हें नुकसान न पहुंचाया जाए और लोगों की जान भी सुरक्षित रह सके।



# 23 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए दिए आवेदन

**श्रम योगी मानधन योजना का पंजीयन शिविर आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत 10 मार्च।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई सहित जनपद पंचायत जैतहरी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंजीयन शिविर आयोजित किए गए।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत फुनगा, केल्हौरी एवं अमगवां में भी श्रमिकों को योजना की जानकारी दी गई तथा उनका पंजीयन किया गया। इस दौरान कुल 23 श्रमिकों के आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इसके अंतर्गत रिक्शा चालक, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, कृषि श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, मोची, दर्जी, धोबी, नाई सहित अन्य श्रमिक पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### श्रमिकों को योजना की पात्रता की दी जानकारी

चचाई में आयोजित शिविर में जिला श्रम पदाधिकारी अनुव्रत देव द्विवेदी तथा अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अधिकारी दिनेश पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने श्रमिकों को योजना की पात्रता, पंजीयन प्रक्रिया और लाभों की विस्तृत जानकारी दी तथा अधिक से अधिक श्रमिकों से योजना में पंजीयन कराने की अपील की।

**शिकायत** — दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अजाक थाने की पुलिस ने नहीं लिखी रिपोर्ट, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

# आरक्षक पर आरोपियों को बचाने का आरोप

**अनूपपुर नवभारत 10 मार्च।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले कोतवाली थाना अंतगर्त ग्राम ताराडांड निवासी चैतू सिंह ने पुलिस पर जानलेवा हमले के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें पुलिस पर सरकारी पद के दुरुपयोग और अपराध छिपाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी भी तय करने की गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि पीड़ित ने इसकी शिकायत अनूपपुर अजाक थाने में की थी, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी रिर्पोट नहीं लिखी गई हैं। अजाक पुलिस के अनुसार अभी तक डॉक्टर की रिपोर्ट नहीं मिली हैं।



### तीन लोगों ने किया था जानलेवा हमला

चैतू सिंह, जो अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं और अपनी भूमि पर खेती करते हैं। 26 दिसंबर 2025 को दोपहर 3-4 बजे के बीच वे अपने खेत के पास बिजली के खंभे पर सुधार कार्य कर रहे थे। उसी दौरान मंजू गौतम ने उन्हें जातिसूचक व अपमानजनक गालियां दीं। इसके बाद लल्लू गौतम और उनके पुत्र प्रशांत गौतम भी वहां आए और तीनों ने मिलकर उन पर जानलेवा हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के कारण चैतू सिंह बेहोश हो गए।

### पुलिसकर्मी ने मरा हुआ समझकर वहीं छोड़ दिया था

पीड़ित के अनुसार, लल्लू गौतम ने 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंचे 112 वाहन में प्रदीप गौतम (चालक) और एक अन्य आरक्षक मौजूद थे। चैतू सिंह ने आरोप लगाया कि इन पुलिसकर्मियों ने आरोपियों से मिलीभगत कर उन्हें उपचार दिलाने के बजाय मरा हुआ समझकर वहीं छोड़ दिया।

### अप्रिय घटना की दी चेतावनी

चैतू सिंह ने अपनी शिकायत में बताया है कि यदि भविष्य में उनके या उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई भी अप्रिय या जानलेवा घटना घटित होती है, तो उसके लिए लल्लू गौतम, प्रशांत गौतम, मंजू गौतम, प्रदीप गौतम (112 वाहन चालक) और 112 वाहन में उपस्थित अज्ञात आरक्षक जिम्मेदार होंगे। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने कहा कि शिकायत की जांच कराई जायेगी।

**प्रत्यक्षदर्शी ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया**

प्रत्यक्षदर्शी जेहर सिंह ने पूरी घटना देखी और बाद मंप चैतू सिंह को होश में लाकर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में कराई गई जांच में चैतू सिंह की पसली टूटने और गंभीर अंदरूनी चोटें पाई गईं। पीड़ित ने बताया कि भय, पीड़ा और मानसिक तनाव में हैं। यह भी बताया कि पूर्व में आरोपियों के खिलाफ अजाक थाने में शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उनके हौसले बढ़े हैं।

**इनका कहना है**

मैं एक माह के अवकाश में था। डॉक्टर की रिपोर्ट का इंतजार है, जैसे ही रिपोर्ट व एक्स-रे प्राप्त होगा इसके बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

**उदित नारायण मिश्रा**
**प्रभारी अजाक थाना**

## पीएम आवास का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**अनूपपुर नवभारत।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण पीएम जनमन तथा आवास प्लस योजना के अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पंचायत समन्वय अधिकारियों को निर्देश देते हुए सीईओ ने कहा कि जिन हितग्राहियों को तीसरी किस्त जारी हो चुकी है, उनके आवास निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाए ताकि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। सीईओ अर्चना कुमारी ने पीएम जनमन एवं आवास प्लस योजना के अंतर्गत हितग्राहीवार कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत समन्वय अधिकारियों को आवास निर्माण के लक्ष्य दिए और आगामी 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।